Regarding declaring of Sant Ravidas Jayanti as a holiday

एडवोकेट चन्द्र शेखर **(नगीना) :** महोदय, मैं घड़ी देख रहा हूं । मैं एक मिनट के बाद बोलना बंद कर दूंगा ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से एक ऐसे विषय पर अपील करना चाहता हूं, जो दुनिया में रहने वाले करोड़ों रविदासियां समाज के अनुयायियों, उनकी भावना, स्वाभिमान और सम्मान से जुड़ा हुआ है । हमारे प्रधानमंत्री जी की भी भावना से जुड़ा हुआ है । सतगुरु रविदास जी समानता के प्रतीक हैं । उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक अन्याय को खत्म करने और हाशिये पर पड़े लोगों को ऊपर उठाने पर समर्पित कर दिया था । उनकी शिक्षा, जाति, पंत और धर्म के परे करोड़ों लोगों को प्रेरित करती है । गुरु रविदास जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश न केवल उनके अपार योगदान का सम्मान करेगा, बल्कि समानता और भाईचारे के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा ।

यह एक ऐसे संत के लिए उचित श्रद्धांजलि होगी, जिनका न्यायपूर्ण और समाज के प्रति?(व्यवधान) मैं सरकार से अपील करता हूं कि तत्काल सतगुरु रविदास जी महाराज की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए । बनारस में जो कार्यक्रम होता है, उसमें रेलवे के माध्यम से ट्रेन की सुविधा मुहैया कराई जाए ।